# हिन्दी प्रादेशिक समाचार

## आकाशवाणी चंडीगढ़

**(तिथि 23 जून** 2026, **समय** 18:10 (10 **मिनट)**

## मुख्य समाचार

- केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने नैफेड के नीलामी पोर्टल का शुभारंभ किया।

- श्री शाह ने किसानों की सीधी **भागीदारी** को मजबूत करने के लिए - बिचौलियों की भूमिका को समाप्त करने का आहवान किया।

- हरियाणा 1994 में हुए अपर यमुना बोर्ड समझौते के अनुरूप राजस्थान को उसके हिस्से की पानी की आपूर्ति पाईपलाईन से करेगा।

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने दूसरे नागरिक सम्मान समारोह में दो पदम विभूषण,सात पदम भूषण और छप्पन पदम श्री पुरस्कार प्रदान किए ।

- मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने जापान में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव के समापन समारोह को वीडियो संदेश से संबोधित किया - मुख्यमंत्री ने कहा गीता मानव जीवन को सही दिशा देने वाली अमूल्य धरोहर है।

**********************************************************************

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज नई दिल्ली में नैफेड के नीलामी पोर्टल का शुभारंभ किया। इस दौरान श्री शाह ने कहा कि 23 जून भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं के लिए विशेष महत्व रखता है, क्योंकि इसी दिन श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने राष्ट्रीय एकता के लिए अपने प्राणों का बलिदान दिया था। गृह मंत्री ने अनुच्छेद 370 का भी जिक्र किया और कहा कि अनुच्छेद 370 को

निरस्त करने के साथ ही डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का यह सपना साकार हो गया है।

इस अवसर पर गृह मंत्री ने किसानों की सीधी भागीदारी को मजबूत करने के लिए खरीद कार्यों में बिचौलियों की भूमिका को समाप्त करने का आह्वान भी किया।

***आने वाले दो सालों में सहकारिता मंत्रालय सुनिश्चित करेगा कि दलहन का एक दाना भी एन.सी.सी या कोर नाफेड में व्यापारियों के माध्यम से न आए, सीधा किसानों के माध्यम से आए, जिससे मुनाफा पूरा किसानों के पास हो। हमने इंफ्रास्ट्रक्चर बना दिया है, अब ये इंफ्रास्ट्रक्चर को नीचे तक पहुंचाना है और उसमें मैं मानता हूं कि नाफेड और एन.सी.सी अपनी भी दृढ़ता के साथ शुद्ध तरीके से काम करने की शुरुआत करनी पड़ेगी, तभी जाकर परिणाम मिलेगा।***

नैफेड की प्रगति का जिक्र करते हुए श्री शाह ने कहा कि 12 साल पहले गंभीर वित्तीय कठिनाइयों का सामना कर रहा यह संगठन आज 74 लाख किसानों की सेवा करने वाला एक मजबूत संस्थान बनकर उभरा है।

***नैफेड ने एक प्रकार से नेफिक्स डॉट इन, दृष्टि, ईआरपी और नैफेड कल्याण, ये चार पहलों की शुरुआत की। वो क्रांतिकारी इसलिए है कि नैफेड जो 2014 में बंद होने की कगार पर आ गया था, आज नैफेड ये सारी पहल करके पांच सौ करोड़ के मुनाफे के साथ तीस हजार करोड़ के टर्न ओवर के साथ देश के 74 लाख किसानों की सेवा कर रहा है।***

कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि पिछले एक दशक में कृषि उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। उन्होंने खरीद प्रक्रिया को पारदर्शी और किसान-हितैषी बनाने के लिए आधुनिक तकनीक का उपयोग करने हेतु नैफेड और राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता संघ  की टीमों को बधाई दी। उन्होंने

बताया कि इस पोर्टल की सहायता से किसानों को 48 घंटों के भीतर सीधे उनके बैंक खातों में भुगतान मिलेगा।

************************************************************************

केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल के नई दिल्ली स्थित आवास पर हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी तथा राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के बीच पानी को लेकर आज एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। जिसमें दोनों राज्यों के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी भाग लिया।

बैठक में वर्ष 1994 में हुए अपर यमुना रिवर बोर्ड समझौते के अनुरूप राजस्थान के हिस्से के पानी की आपूर्ति सहित दोनों राज्यों से जुड़े जल संसाधन, सिंचाई एवं पेयजल से संबंधित विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई।

बैठक के दौरान निर्णय लिया गया कि समझौते के अनुरूप राजस्थान को उसका निर्धारित जल पाइपलाइन के माध्यम से उपलब्ध कराया जाएगा। इस बारे समझौता ज्ञापन पर सोमवार को हस्ताक्षर किए जाएंगे।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मीडिया से बातचीत में कहा -

मुख्यमंत्री ने कहा कि रेणुका, किशाऊ और लखवार बांध परियोजनाएं उत्तर भारत के राज्यों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं और इनके क्रियान्वयन में जल्द तेजी लाई जाएगी।

केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल ने कहा कि दोनों राज्यों में पुराने समझौते को पाइपलाइन के माध्यम से लागू करने पर सहमति बनी है।

********************************************************************
**********

**प्रादेशिक समाचार आकाशवाणी चंडीगढ़ से प्रसारित किए जा रहे हैं। हमारे बुलेटिनों और ताज़ा समाचारों के लिए आप हमारी वेबसाइट** newsonair.gov.in **पर लॉग- इन कर सकते हैं।**

**यह समाचार हमारे यू- ट्यूब चैनल और एक्स हैंडल** Akashvani News Chandigarh **पर भी उपलब्ध हैं।**

********************************************************************
**********

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज शाम राष्ट्रपति भवन में दूसरे नागरिक सम्मान समारोह में दो पद्‌म विभूषण, सात पद्‌म भूषण और 56 पद्‌मश्री सहित कुल 65 पद्‌म पुरस्कार प्रदान किए। पद्‌म पुरस्कार देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मानों में से एक हैं और ये तीन श्रेणियों - पद्‌म विभूषण, पद्‌म भूषण और पद्‌म श्री - में दिए जाते हैं।

हमारे संवद्‌दत ने बताया है कि पत्रकार पी. नारायणन को साहित्य और शिक्षा के क्षेत्र में पद्‌म विभूषण और पूर्व जज के.टी.थॉमस को समाज सेवा के लिए पद्‌म विभूषण से सम्मानित किया गया। पूर्व टेनिस खिलाड़ी विजय अमृतराज, अभिनेता ममूटी और पार्श्व गायिका अलका याग्निक को पद्‌म भूषण पुरस्कार मिला।

इस साल सरकार ने कुल 131 पद्‌म पुरस्कारों की घोषणा की थी। इनमें पांच पद्‌म विभूषण, 13 पद्‌म भूषण और 113 पद्‌म श्री पुरस्कार शामिल हैं।

******************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज कहा कि श्रीमद्भगवद्गीता केवल एक धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि मानव जीवन को सही दिशा देने वाली एक अमूल्य धरोहर है। गीता हमें कर्तव्य, आत्मविश्वास, संयम और मानव कल्याण का मार्ग दिखाती है।वे जापान में आयोजित अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के समापन समारोह को चंडीगढ़ से वीडियो संदेश के माध्यम से सम्बोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि कुरुक्षेत्र की पावन भूमि पर भगवान श्रीकृष्ण द्वारा दिया गया कर्मयोग का संदेश आज भी पूरी मानवता के लिए प्रेरणास्रोत है।

श्री नायब सिंह सैनी ने आगे कहा कि आज जब विश्व अनेक चुनौतियों और तनावों का सामना कर रहा है, तब गीता का संदेश शांति, सद्भाव और सकारात्मक सोच की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि भारत और जापान के संबंध सदैव मजबूत रहे हैं। विशेष रूप से हरियाणा और जापान के बीच आर्थिक एवं सांस्कृतिक सहयोग निरंतर बढ़ रहा है, जो हमारी गहरी मित्रता का प्रतीक है।

******************************************************************

हरियाणा सरकार के कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने आज कुरुक्षेत्र में जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए 11 शिकायतों की, जिनमें से 6 शिकायतों का मौके पर ही निपटारा कर दिया गया, जबकि 5 मामलों को लंबित रखा गया है।

बैठक के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि लंबित मामलों पर विस्तार से चर्चा की गई है और संबंधित विभागों को उनका जल्द से जल्द समाधान करने के निर्देश दिए गए हैं।

मंत्री ने बताया कि बैठक के दौरान लाडवा में तैनात खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के दो निरीक्षकों के मामले पर भी चर्चा हुई। दोनों अधिकारियों को पहले ही निलंबित किया जा चुका है और अब उनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई करते हुए तत्काल प्रभाव से गिरफ्तारी के आदेश दिए गए हैं।

चैनत गांव में पानी की समस्या को लेकर चल रहे धरने के सवाल पर मंत्री ने कहा कि सरकार पूरे मामले पर नजर रखे हुए है। लोकतंत्र में सभी को विरोध प्रदर्शन करने का अधिकार है और सरकार ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान के लिए गंभीरता से कार्य कर रही है।

*************************************************************
****************

हरियाणा मंत्रिमंडल द्वारा 'हरियाणा बागवानी नर्सरी अधिनियम, 2025' की धारा 22(1) के तहत 'हरियाणा बागवानी नर्सरी नियम, 2026' को मंजूरी दिए जाने से किसानों को राहत मिली है। इस नए नियम के लागू होने से राज्य में बागवानी नर्सरियों के प्रबंधन, संचालन और निगरानी के लिए एक मजबूत नियामक प्रणाली  तैयार होगी, जिससे फर्जी या बिना पंजीकरण के चल रही नर्सरियों पर पूरी तरह से नकेल कसी जा सकेगी।

आज जींद में बागवानी अधिकारी ख्याली राम ने आकाशवाणी समाचार से बातचीत में कहा -

❋❋❋❋❋❋❋❋❋❋❋❋❋❋❋❋❋❋❋❋❋❋❋❋❋❋❋❋❋❋❋❋❋❋❋❋❋❋❋❋❋❋❋❋❋❋❋❋❋❋❋❋❋❋❋❋❋❋❋❋❋

❋❋❋❋❋❋❋❋❋❋